प्रादेशिक समाचार
दिनांक–30.09.2024 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. राज्य सरकार ने सरायकेला में बांग्लादेशी घुसपैठ की शिकायत पर पुलिस महानिदेशक को जांच का दिया निर्देश, कल झारखंड उच्च न्यायालय में घुसपैठ मामले में होगी सुनवाई।
2. राज्यपाल संतोष गंगवार और केंदीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने रांची में आयोजित सातवें राष्ट्रीय पोषण माह के समापन समारोह में ग्यारह हजार से अधिक सक्षम आंगनबाड़ी केंद्रों का किया ऑनलाइन उद्‌घाटन।
3. झारखंड सरकार के कर्मियों को 5 लाख रुपये तक की स्वास्थ्य बीमा योजना का लाभ देने के लिए आज राज्य सरकार चयनित कंपनी के साथ एमओयू पर करेगी हस्ताक्षर।
4. मौसम विभाग ने 2 से 10 अक्टूबर तक राज्यभर में बादल छाये रहने और हल्की से मध्यम बारिश का जताया अनुमान।

****

राज्य सरकार ने सरायकेला में बांग्लादेशी घुसपैठ की शिकायत पर पुलिस महानिदेशक को जांच का निर्देश दिया है। नगर पंचायत, सरायकेला के पूर्व उपाध्यक्ष मनोज कुमार चौधरी ने मुख्य सचिव को पत्र लिखकर इसकी शिकायत की है। उन्होंने शिकायत में कहा है कि सरायकेला के कई प्रखंडों में बांग्लादेशी घुसपैठिए मुर्शिदाबाद निवासी बताकर अनैतिक रूप से रह रहे हैं।

इधर, बांग्लादेश घुसपैठ मामले में कल झारखंड उच्च न्यायालय में सुनवाई होगी। अदालत ने पिछली सुनवाई में केंद्रीय गृह सचिव और राज्य के मुख्य सचिव को कमेटी बनाने को कहा था जो संथाल में भौतिक सर्वे कर सच्चाई की जांच करे, लेकिन अबतक कमेटी का अबतक गठन नहीं किया जा सका है।

****

सातवां राष्ट्रीय पोषण माह अभियान का समापन समारोह आज रांची के डोरंडा स्थित जैप–1 के शौर्य सभागार में आयोजित किया गया। मौके पर राज्यपाल संतोष गंगवार और केंद्रीय बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने 11 हजार से अधिक सक्षम आंगनबाड़ी केंद्रों का ऑनलाइन उदघाटन किया। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने इस सक्षम आंगनबाड़ी के उद्‌देश्यों को बताया।

मौके पर महिला एवं बाल विकास मंत्रालय में सचिव अनिल मलिक ने पोषण संबधी जानकारी दी।

समारोह में राज्यपाल और केंद्रीय मंत्री ने सक्षम आंगनबाड़ी संचालिकाओं से बातचीत की। बिहार के जमुई की सक्षम आंगनबाड़ी संचालिका ने कहा कि उनके केंद्र में विशेष सुविधाएं उपलब्ध करायी गयी हैं।

इधर एक माह तक चले पोषण अभियान में महिलाओं ने इसके लाभ की भी जानकारी दी।

****

अटल विचार मंच के संस्थापक और पूर्व केंद्रीय वित्त और विदेश मंत्री यशवंत सिन्हा ने कहा कि झारखंड विधानसभा चुनाव में मंच सभी सीटों पर चुनाव लड़ेगा। जमशेदपुर के बिष्टुपुर में संवाददाता सम्मेलन में श्री सिन्हा ने कहा कि उन्होंने अटल बिहारी वाजपेयी के विचारों के अनुरूप झारखंड में सरकार बनाने के उद्देश्य से सभी सीटों पर चुनाव लड़ने की तैयारी की है।

इस मौके पर यशवंत सिन्हा ने झारखंड में बांग्लादेशी घुसपैठ मामले में भाजपा पर राजनीति करने का आरोप लगाया।

****

शिक्षा मंत्रालय देश के विद्यालयों की स्थिति में सुधार के लिए विश्व बैंक की सहायता से शिक्षण–अध्ययन को मजबूत करने और राज्यों के लिए परिणाम संबंधी स्टार्स परियोजना चला रहा है।

****

झारखंड राज्य के कर्मियों और सेवानिवृत्त कर्मियों को पांच लाख रुपये की कैशलेस स्वास्थ्य बीमा योजना का लाभ देने के लिए आज राज्य सरकार और टाटा एआइजी जनरल इंश्योरेंस कंपनी के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर किया जायेगा। इस योजना के तहत कर्मचारियों के प्रीमियम का भुगतान राज्य सरकार करेगी, जबकि सेवानिवृत्त कर्मियों को भुगतान खुद करना होगा।

****

सरायकेला खरसावां जिले में स्वच्छता ही सेवा है अभियान को लेकर 2 अक्टूबर तक सार्वजनिक स्थलों की साफ सफाई की जा रही है, इस दौरान आम लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक भी किया जा रहा है।

****

मुख्यमंत्री आवास का घेराव करने निकले झारखंड आंदोलनकारियों को पुलिस ने आज कांके रोड स्थित राम मंदिर के पास रोक दिया। मुख्यमंत्री आवास के पास बड़ी संख्या में पुलिसबल को तैनात किया गया है। गौरतलब है कि झारखंड आंदोलनकारी की मान्यता के लिए जेल जाने की बाध्यता समाप्त करने, राजकीय मान–सम्मान के साथ अलग झारखंडी पहचान, बेटे–बेटियों को रोजी रोजगार और नियोजन के लिए शत–प्रतिशत अधिकार की गारंटी देने समेत आंदोलनकारियों के लिए सम्मान पेंशन राशि और प्रत्येक झारखंड आंदोलनकारी को 50–50 हजार की राशि की मांग की जा रही है।

****

मौसम विभाग ने राज्य में दो अक्टूबर से 10 अक्टूबर तक बादल छाये रहने और हल्की बारिश की संभावना जतायी है। विभाग ने जानकारी दी है कि 15 अक्टूबर के बाद राज्य से मॉनसून की विदाई होगी। मौसम विभाग से जारी रिपोर्ट के अनुसार इस बार झारखंड में मॉनसून सामान्य रहा। पूरे राज्य में सिर्फ एक प्रतिशत कम बारिश हुई है जबकि कुछ जिले ऐसे भी हैं जहां सामान्य से 15 प्रतिशत अधिक बारिश हुई है। इधर राजधानी रांची समेत राज्यभर में अभी अधिकतम तापमान में बढ़ोत्तरी हुई है। सरायकेला में अधिकतम तापमान 36 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

****